**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**
**INSTITUTE FOR PLASMA RESEARCH**
**भाट, गांधीनगर, गुजरात, Bhat, Gandhinagar, Gujarat-382428**

# विज्ञापन सं. 05/2020 (2)

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और औद्योगिक एवं सामाजिक प्लाज़्मा के अनुप्रयोग के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट गाँव, गांधीनगर (गुजरात) में स्थित है और जीआईडीसी सेक्टर-25, गाँधीनगर में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहटी में भी इसका एक केन्द्र है।

सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। चयन किये गये उम्मीदवारों को प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भाट, गांधीनगर में कार्य करना होगा। हालांकि, भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर उम्मीद्वारों को संस्थान के अन्य केंद्रों / परिसरों में स्थानांतरित किया जा सकता है।

**पद का नाम: वैज्ञानिक सहायक - सी**
वेतन: ₹44900/- पे मेट्रिक्स के लेवल 7 पर
**पदों की संख्या: 09 (अनारक्षित)**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख को अधिकतम आयु**

| SC | ST | OBC | UR |
|---|---|---|---|
| 39 | 39 | 37 | 34 |

| पद सं. | शाखा | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | भौतिकी (पद -2) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीएससी (भौतिकी) | **अनिवार्य:** उम्मीदवार को एकीकरण एवं ऑपरेटिंग वैक्यूम सिस्टम का न्यूनतम चार (04) वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br><br>**वांछनीय:** थिन फिल्म डिपोज़िशन/प्रयोगशाला उपकरणों के संचालन, जैसे कि ऑसीलोस्कोप, बिजली की आपूर्ति, आदि के क्षेत्र में अनुभव। |
| 2 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (पद -1) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | **अनिवार्य:** उम्मीदवार को पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सर्किट के संयोजन और परीक्षण का न्यूनतम चार (04) वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br><br>**वांछनीय:** पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, ठोस अवस्था के स्विच और इसके संचालन का ज्ञान। |
| 3 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (पद -1) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | **अनिवार्य:** उम्मीदवार को HV सबस्टेशन (66 kV या उससे ऊपर) के संचालन और रखरखाव में न्यूनतम चार (04) वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br><br>**वांछनीय:** कंप्यूटर में एमएस वर्ड, एक्सेल और ऑटोकैड का ज्ञान। |
| 4 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग (पद -1) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | **अनिवार्य:** उम्मीदवार को ऑटोकैड, 3 डी मॉडलिंग सॉफ्टवेयर (सॉलिडवर्क्स) का न्यूनतम चार (04) वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br><br>**वांछनीय:** निर्माण प्रक्रियाओं (शॉप-फ्लोर) के साथ कार्य करने का अनुभव। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग (पद -1) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | **अनिवार्य:** उम्मीदवार को प्रेशर वेसल डिज़ाइन और विश्लेषण में न्यूनतम चार (04) वर्ष का अनुभव होना चाहिए। मैकेनिकल सिस्टम की स्थापना और कमीशनिंग में अनुभव। सीएडी सॉफ्टवेयर (ऑटोकैड, ठोस कार्यों और CATIA) का व्यवहारिक अनुभव।<br><br>**वांछनीय:** ASME कोड और मानकों का ज्ञान, विभिन्न निर्माण प्रक्रिया की शॉप-फ्लोर का अनुभव और Ansys या संबंधित सॉफ्टवेयर का ज्ञान। |
| 6 | मेक्ट्रोनिक्स / रोबोटिक्स / ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग / एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग (पद -1) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेक्ट्रोनिक्स / रोबोटिक्स / ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग / एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग (एसएससी / 10 वीं कक्षा के बाद 3 वर्ष के पाठ्यक्रम में डिप्लोमा)। | **अनिवार्य:** उम्मीदवार को मैकेनिकल सिस्टम को विकसित करने, इलेक्ट्रिकल सिस्टम के साथ इसके इंटरफेस और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर नियंत्रण के माध्यम से संचालन करने का चार (04) वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br><br>**वांछनीय:** उम्मीदवार द्वारा उपयुक्त परियोजनाओं / इंटर्नशिप के माध्यम से इन सभी क्षेत्रों में अपनी मुख्य दक्षताओं का प्रदर्शन वांछनीय है। प्लाज़्मा सिस्टम का एक्सपोज़र एक अतिरिक्त लाभ होगा। |
| 7 | इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल (पद -1) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | **अनिवार्य:** उम्मीदवार को उपकरणों को मापने, सेंसर और कंट्रोल पैनल वायरिंग के परीक्षण और रखरखाव में न्यूनतम चार (04) वर्ष का अनुभव होना चाहिए। पीएलसी और एचएमआई का उपयोग करके स्वचालन का कार्यसाधक ज्ञान। डिजाइन और सर्किट के माप की जाँच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक घटक।<br><br>**वांछनीय:** PLC, HMI, SCADA व बेसिक एनालॉग और डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोग्रामिंग का अनुभव। |
| 8 | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग (पद -1) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन एवं इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | **अनिवार्य:** उम्मीदवार को एनालॉग और डिजिटल सर्किट संचालन में न्यूनतम चार (04) वर्ष का अनुभव होना चाहिए। वैज्ञानिक उपकरण का संचालन और रखरखाव।<br><br>**वांछनीय:** डाटा अधिग्रहण और नियंत्रण प्रणाली संचालन। |

**चयन प्रक्रिया:**

विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, श्रेणी आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर मान्य आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीद्वारों को **लिखित परीक्षा / एवं या साक्षात्कार** के लिए बुलाया जाएगा। कोई भी कारण बताए बिना **लिखित परीक्षा / एवं या साक्षात्कार** के लिए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार प्राधिकारियों के पास सुरक्षित हैं।

1. निर्धारित अनिवार्य योग्याताएं न्यूनतम हैं और केवल इन योग्यताओं के कारण उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के पात्र नहीं होंगे।

2. **विज्ञापित पद के लिए निर्धारित की गई योग्यता से अधिक पाए जाने पर उम्मीदवार को अधि अर्हता माना जाएगा और उसकी स्क्रीनिंग नहीं की जाएगी।**

3. आवेदनों की संख्या अधिक होने पर, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को यथोचित रूप में सीमित करने के लिए संस्थान कालानुक्रमिक चरणों में निम्नलिखित में से एक या अधिक पद्धतियों द्वारा संक्षिप्त सूची लघु मानदंड अपनाएगा:

i) विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अनुभव की तुलना में उम्मीदवार द्वारा संबंधित क्षेत्र में उच्च अनुभव प्राप्त करने के आधार पर।

ii) अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने से पहले या बाद के अनुभव की गणना के द्वारा।

iii) वांछनीय योग्यता या कोई एक या सभी वांछनीय योग्यता के आधार पर यदि एक से अधिक वांछनीय योग्यता निर्धारित की गई है।

iv) लिखित परीक्षा आयोजित करके।

**आवेदन शुल्क:** आवेदन शुल्क का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रम. सं. | वर्ग | शुल्क (₹) |
|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित / ओबीसी | 200/- |
| 2. | एस.सी./ एसटी/ महिला/ विकलांग/ भूतपूर्व सैनिक/ आंतरिक उम्मीदवार | Nil |

**भुगतान की पद्धति: केवल ऑनलाइन माध्यम से (एसबीआई कलेक्ट)**

**ऑनलाइन भुगतान करने की पद्धति:**

1. एसबीआई कलेक्ट पर जाएँ: **https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm**
2. आगे बढ़ें → स्टेट ऑफ़ कॉर्पोरेट / इंस्टीट्यूशन: गुजरात
3. कॉर्पोरेट / संस्थान का प्रकार: अन्य
4. अन्य नाम: प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
5. भुगतान श्रेणी का चयन करें: आवेदन शुल्क - आईपीआर
6. भुगतान करें।
7. ऑनलाइन आवेदन में भुगतान का विवरण भरने के लिए रसीद को प्रिंट / डाउनलोड करें।

## सामान्य जानकारी

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अल्पकालीन है और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया/घटाया जा सकता है। विकलांग व्यक्तियों को भी अनारक्षित कोटे के लिए उनकी योग्यता के आधार पर चुना जा सकता है।

2. **विज्ञापित पद के लिए निर्धारित की गई योग्यता से अधिक पाए जाने पर उम्मीदवार को अधि अर्हता प्राप्त माना जाएगा और उसकी स्क्रीनिंग नहीं की जाएगी।**

3. ऑनलाइन भर्ती आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन ध्यान से पढ़ने की सलाह दी जाती है। कृपया ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व इस बात को सुनिश्चित कर लें की आपको पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त है अन्यथा, प्रस्तुत आवेदन(ओं) को पूरी तरह से खारिज कर दिया जाएगा।

4. हर मामले में सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने की तिथि जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न की जाए, ऑनलाइन आवेदन ज़मा करने की निर्धारित अंतिम तारीख होगी।

5. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन भर्ती आवेदन में अपने सभी विवरण ध्यानपूर्वक भरें, क्योंकि गलत सूचना प्रस्तुत करने पर कम्प्यूटर आधारित लघु सूची बद्ध करने के दौरान आवेदन रद्द किया जा सकता है। भर्ती के किसी भी स्तर पर अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदन को संस्थान अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

6. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विशेष पद के लिए केवल एक ही ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करें; तथापि, यदि वह एक पद के लिए एक से अधिक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करता/करती है तो उसे यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि उच्चतर "आवेदन सं." वाला ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र शुल्क, जहां भी लागू हो, सहित सभी प्रकार से परिपूर्ण है। जो आवेदक एक से अधिक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करते हैं उन्हें नोट कर लेना चाहिए कि संस्थान द्वारा केवल उच्चतर "आवेदन सं." वाले ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र को ही स्वीकार किया जाएगा और एक "आवेदन सं." के लिए दिए गए आवेदन शुल्क को किसी अन्य "आवेदन सं." के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा।

7. एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए शुल्क आरक्षित रखा जा सकता है।

8. अनुसूचित जनजाति (ST) / अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) नॉन-क्रिमी लेयर / विकलांग श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारुप में प्रमाण पत्र जमा करना होगा। जिसके न होने पर उसे अनारक्षित (UR) उम्मीदवारों की श्रेणी में माना जाएगा ।

9. सभी शैक्षणिक योग्यताएं केवल मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए। किसी अन्य देशों से शैक्षणिक योग्याता प्राप्त वाले आवेदकों को यूजीसी/एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

10. निम्नलिखित प्रमाण पत्र / दस्तावेज आयु के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य हैं (कोई एक):
    i) जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज की गई जन्म तिथि
    ii) माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र (एसएसएलसी)
    iii) मैट्रिक / माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख किया गया है

11. संस्थान (IPR / CPP) के आंतरिक उम्मीदवार (स्थायी कर्मचारी) ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट के पात्र होंगे। किसी अन्य श्रेणी (SC / ST / OBC ) के तहत आयु में छूट पाने वाले उम्मीदवार, आंतरिक उम्मीदवार के रूप में आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

12. सरकारी/ अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के साथ उसके/ उसकी संगठनों/ संस्थानों से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र को अपलोड करना होगा या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाने पर लाना होगा। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जाएगा। कोई अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा।

13. **साक्षात्कार** के लिए बाहर से बुलाए गए उम्मीदवारों को टिकट या यात्रा का प्रमाण जैसे रेलवे / बस टिकट या टिकट नंबर प्रस्तुत करने पर प्रत्यक्ष और सबसे कम दूरी से आने और जाने का तृतीय श्रेणी एसी का रेल/राज्य बस परिवहन के भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

14. वेतन और भत्ते के अलावा, उपरोक्त पद के लिए आवास किराया भत्ता, अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा योजना और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ दी जाएगी। अतिरिक्त सुविधाएँ जैसे कार्यनिष्पादन संबंधी प्रोत्साहन योजना (PRIS), नई पेंशन योजना, एलटीसी, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता और परिवहन भत्ते के बदले नि:शुल्क परिवहन संस्थान के नियमों के अनुसार एवं समय-समय पर संशोधित सरकारी आदेशों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

15. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि के बाद ही अनुभव गिना जाएगा।

16. चूंकि संस्थान द्वारा केवल ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा इसलिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना सही और सक्रिय ई-मेल पता भरने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवारों को भर्ती की नियमित अपडेट सूचना के लिए संस्थान की वेबसाइट को देखने की भी सलाह दी जाती है।

17. परिशिष्ट/ विलोपन/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) संस्थान की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा, http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html

18. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची आईपीआर वेबसाइट पर पोस्ट की जाएगी। जो उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट नही हुए उन्हें अलग से कोई जानकारी नहीं दी जाएगी। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

19. इस विज्ञापन से होनेवाला कोई भी विवाद केवल गांधीनगर, गुजरात में स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

20. चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद / अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

21. आईपीआर उपरोक्त पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का चयन नहीं करने या कोई भी कारण बताए बिना किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

22. जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया, उनके रिकॉर्ड को प्रकाशन की तारीख से 1 वर्ष तक संरक्षित किया जाएगा।

23. आवेदक, आवेदन को भरकर खुद को खुद को नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध करते हैं। गलत दस्तावेज या किसी भी प्रकार के अनुयाचन या किसी भी स्तर पर भर्ती की प्रक्रिया को प्रभावित करने से ना केवल आवेदन अस्वीकार किया जाएगा बल्कि उस पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

## आवेदन कैसे करें

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html पर दिनांक **15/08/2020** तक शाम 5:30 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करें।

ऑनलाइन आवेदन भरते समय निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड़ करने आवश्यक हैं, ऐसा न करने के स्थिति में उम्मीदवार के आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा और संस्थान इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

1. हाल ही का पासपोर्ट आकार का एक रंगीन फोटोग्राफ।
2. सहायक दस्तावेजों की प्रतियाँ:
    i) आयु का प्रमाण
    ii) शैक्षिक मार्क शीट, डिग्री
    iii) अनुभव प्रमाण पत्र
    iv) निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग का प्रमाण पत्र
    v) भुगतान रसीद की प्रतिलिपि (यदि लागू हो)
    vi) कोई अन्य संबंधित प्रमाणपत्र आदि

**कृपया ध्यान दें कि आवेदन और सहायक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।**

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृपया संपर्क करें - recruitment@ipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता है एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।